pan>

Title: Need to conduct an enquiry against the Vice Chanceller of Baba Saheb Bhim Rao Ambedkar Central University, Lucknow.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख): सभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया ।

बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति के ऊपर पेंशन और वेतन, दोनों का अनुचित लाभ साथ-साथ लेने का मामला मानव संसाधन मंत्रालय के सामने आते ही उन्होंने तुरन्त ही दिनांक 07 जून, 2018 को कार्रवाई की। विश्वविद्यालय को लगभग 80 लाख रुपये की रिकवरी के आदेश दिए गए । परन्तु, अभी तक वहां से कोई भी रिकवरी नहीं हुई है । मैंने इसके बारे में पहले भी स्पीकर मैडम को पत्र लिखा है और मैंने माननीय राष्ट्रपति जी को भी पत्र लिखा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जो लखनऊ में है, वहां बाबा साहब के नाम से एक बहुत बड़ा म्यूजियम बना । वहां जो म्यूजियम बना, वह हैंड ओवर भी नहीं हुआ और वहां के वाइस चांसलर ने गलत तरीके से वहां पर अपनी ऑफिस खोल ली । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि इस मामले का पूरा संज्ञान लेकर इस मामले की पूरी जांच करें और इस वाइस चांसलर के विरुद्ध कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई करें ।

माननीय सभापति: श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं डॉ. उदित राज को श्रीमती अंजू बाला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।